**Brooks**
LABORATORIES LIMITED

**Corp. Off.:-** 201, "The Summit Business Bay"
Behind Guru Nanak Petrol Pump,
Off Andheri Kurla Road, Andheri (E),
Mumbai - 400 093 (India)
Ph. : +91 22 69073100

14th February, 2025

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400001

Scrip Code: **533543**

**National Stock Exchange of India Ltd.**
Exchange Plaza, C-1, Block G
Bandra Kurla Complex
Bandra (E), Mumbai-400051

Symbol: **BROOKS**

**Sub: Newspaper publication of Financial Results**

**Ref: Regulations 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Please find enclosed extracts of the newspaper publications published in Financial Express (all editions) and Jansatta, (Chandigarh edition) on 14th February, 2025, relating to the Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2024.

Enclosed herewith please find copy of the newspapers cuttings.

This is for your information and record.

Thanking You,

Yours faithfully
For **BROOKS LABORATORIES LIMITED**

KRUTIKA MOHAN RANE
Digitally signed by KRUTIKA MOHAN RANE
Date: 2025.02.14 11:38:07 +05'30'

**Krutika Rane**
**Company Secretary**
**Membership no. A66310**
Encl.: As Above

# शिमला समेत 12 स्थानों का तापमान पांच डिग्री से नीचे

## ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर में शीतलहर की चेतावनी

शिमला, 13 फरवरी (ब्यूरो)।

प्रदेश के मैदानी इलाकों में रात और सुबह के समय शीतलहर चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। कई शहरों का तापमान पांच डिग्री तक लुढ़क गया है। इस बीच मौसम विभाग ने शुक्रवार को ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर में शीतलहर चलने के चेतावनी जारी की है।



*शिमला* सहित 12 स्थानों पर न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है। चार जगह का तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया है।

शिमला सहित 12 स्थानों पर न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है। वहीं चार जगह का तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया है। दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। शिमला में गुरुवार को धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए रहे। नारकंडा में बीते दिन हुई बर्फबारी के बाद बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के सभी भागों में 15 तक मौसम साफ रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते 16 से 18 फरवरी तक लाहौल-स्पीति, किन्नौर सहित चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के ऊंचे इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है।

19 फरवरी को पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश, जबकि लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी की संभावना है। शिमला में गुरुवार को न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जोकि बुधवार को छह डिग्री सेल्सियस था। इसी तरह सुंदरगनर में 4.8, भुंतर तीन, कल्पा -3.2, धर्मशाला 5.2, ऊना 1.2, नाहन 7.2, केलांग -7.6, सोलन 4.4, मनाली 1.7, कांगड़ा 4.9, मंडी 5.9, बिलासपुर चार, चंबा 4.7, डलहौजी 7.3, जुब्बड़हट्टी 6.5, कुकुमसेरी -5.1, भरमौर 1.2, सेऊबाग दो, धौलाकुआं पांच, बरठीं 2.6, पांवटा साहिब नौ, सराहन 3.5 व ताबो में -9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# गहरी जड़ों वाली खस घास से रुकेगा भूस्खलन : मुख्यमंत्री

शिमला, 13 फरवरी (ब्यूरो)।

*खस* घास गहरी और घनी जड़ों के कारण मिट्टी को मजबूती से बांधती और भूमि कटाव को रोकती है।
*कृषि* विभाग के सहयोग से इस घास के पौधे सोलन जिले के बेरटी में स्थापित नर्सरी में लगाया गए हैं।

प्रदेश में भूस्खलन की बढ़ती आवृत्ति से निपटने के लिए राज्य सरकार जैव-अभियांत्रिकी (बायो-इंजीनियरिंग) पहल शुरू कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को कहा कि वेटिवर (खस) घास की खेती परियोजना शुरू की गई है, जो अपनी गहरी और घनी जड़ों के कारण मिट्टी को मजबूती से बांधती और भूमि कटाव को रोकती है।

उन्होंने कहा खस घास का उपयोग विश्वभर में विशेष रूप से भूस्खलन-प्रवण क्षेत्रों, राजमार्ग तटबंधों और नदी के किनारों पर मिट्टी संरक्षण के लिए व्यापक रूप से किया जाता है। इसकी क्षमता को पहचानते हुए प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 'वेटिवर फाउंडेशन-क्लाइमेट रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव्स (सीआरएसआइ)' तमिलनाडु के सहयोग से भूस्खलन से निपटने के लिए स्थायी शमन रणनीति विकसित करने के लिए यह परियोजना शुरू की है।

इस पहल के अंतर्गत प्राधिकरण ने सीआरएसआइ से 'वेटिवर नर्सरी' उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है ताकि 2025 के मानसून से पहले पर्याप्त मात्रा में पौधे उपलब्ध हो सके। सीआरएसआइ ने एक हजार खस घास के पौधे निःशुल्क उपलब्ध करवाए हैं और इन पौधों को कृषि विभाग के सहयोग से सोलन जिले के बेरटी में स्थापित नर्सरी में लगाया गया है।

खस घास जो तीन-चार मीटर गहराई तक जड़ें विकसित कर सकती है, एक मजबूत नेटवर्क बनाती है जो मिट्टी को बांधती है, जिससे भूस्खलन का खतरा कम होता है। यह एक प्राकृतिक अवरोधक के रूप में कार्य करते हुए पानी के बहाव को धीमा कर देती है और विशेषकर खड़ी ढलानों को भूमि के कटाव को रोकती है। पंक्तियों में लगाए जाने पर खस घास एक दीवार की तरह काम करती है। इसकी जड़ें अतिरिक्त पानी को सोख लेती हैं और मिट्टी में पानी की अधिकता को कम करती है, जिससे भूस्खलन की संभावनाएं कम हो जाती है।

# मड़गन गांव में मकान जलकर खाक

कुल्लू, 13 फरवरी (जनसत्ता)।

कुल्लू जिले की लगघाटी के तहत आने वाले मड़गन गांव में आग से एक मकान जलकर खाक हो गया। अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया।

जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग कुल्लू के अधिकारी प्रेम सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम को सूचना मिली कि लगघाटी के मड़गन गांव के एक मकान मे आग लगी है। उन्होंने बताया कि कुल्लू से करीब 15 किलोमीटर वाहन के माध्यम से जबकि एक किलोमीटर पैदल सफर कर टीम वहां पहुंची और राहत कार्यों में जुट गई। गांव के मोती लाल, रामलाल व केहरी देवी के संयुक्त मकान में अचानक लगी आग में आठ लाख रुपए के करीब नुकसान हुआ है।



## मजदूर के खाते से एक करोड़ 53 लाख रुपए के लेन-देन का मामला

# पूर्व जिला पार्षद समेत तीन पर प्राथमिकी दर्ज

धर्मशाला, 13 फरवरी (जनसत्ता)।

चंबा जिले की चुराह घाटी की सनवाल पंचायत में खच्चर से निर्माण सामग्री की ढुलाई करने वाले मजुदर के बैंक खाते से एक करोड़ 53 लाख 55 हजार रुपए के लेन-देन की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने पूर्व जिला पार्षद वेग मुहम्मद के अलावा पंचायत प्रधान और उपप्रधान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

मुहम्मद के ऊपर यह दूसरा मुकद्दमा दर्ज किया गया है। सेब के पौधों की खरीद की घोटाले में भी पुलिस ने उसे आरोपी बना रखा है। इस मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने कहा कि फर्जीवाड़े की शिकायत के बाद जांच में पुलिस को पता चला कि गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे रहने वाले खच्चर मालिक ने अपने खाते से वेग मुहम्मद और उनके पारिवारिक सदस्यों को चेक के जरिए एक करोड़ दस लाख की राशि का भुगतान किया है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि पुलिस ने रकम का भुगतान करने वाले तीसा के विकास खंड अधिकारी कार्यालय से रेकार्ड को भी तलब किया है। दरअसल, पिछले दिनों सनवाल के ग्रामीणों ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में पंचायती विकास कार्यों में सामग्री ढुलाई के जरिए गोलमाल करने के आरोप लगाए थे। उसके बाद खातों की जांच के दौरान एक खच्चर मजदूर के बैंक खाते से करोड़ों के लेन-देन में यह बात भी सामने आई कि इस रकम का एक बहुत बड़ा हिस्सा पंचायत प्रतिनिधियों के बैंक खातों में गया।

इससे पहले सनवाल पंचायत में 1.20 करोड़ सेब पौधों की खरीद की धांधली उजागर होने के बाद 1.82 करोड़ रुपए के लेन-देन में फंसे वेग मुहम्मद के ऊपर अब पुलिस ने खच्चर ढुलाई में करोड़ों के हुए घोटाले में शिकंजा कस दिया है।


## रूचिरा पेपर्स लिमिटेड

RUCHIRA PAPERS

पंजी. कार्यालय : त्रिलोकपुर रोड, काला अम्ब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश- 173030, वेबसाइट www.ruchirapapers.com
ईमेल आईडी: cs@ruchirapapers.com, investor@ruchirapapers.com
CIN: L21012HP1980PLC004336

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनें के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

रु. (लाखों में) आय प्रति शेयर को छोड़कर

| क्र. स. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ महीनें | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2023 | 31.12.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2024 |
| | | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अनंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (सकल) | 16945.37 | 16550.20 | 15959.26 | 49985.32 | 49922.11 | 66022.44 |
| 2 | अवधि के लिए कुल आय (कर तथा स्वीकार्य मदों से पूर्व) | 2201.76 | 2329.80 | 968.64 | 6718.71 | 5303.93 | 6606.27 |
| 3 | अवधि के लिए कुल आय (कर से पूर्व तथा स्वीकार्य मदों के बाद) | 2201.76 | 2329.80 | 968.64 | 6718.71 | 5303.93 | 6606.27 |
| 4 | अवधि के लिए कुल आय (कर के बाद तथा स्वीकार्य मदों के बाद) | 1647.93 | 1767.35 | 720.70 | 4893.03 | 3955.14 | 4919.49 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 1674.94 | 1770.42 | 748.72 | 4847.48 | 3906.67 | 4872.46 |
| 6 | भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी | 2984.50 | 2984.50 | 2984.50 | 2984.50 | 2984.50 | 2984.50 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार) | | | | - | - | 40123.65 |
| 8 | आय प्रति शेयर (10/- प्रति का) वार्षिकी नहीं | | | | | | |
| | (ए) मूल | 5.52 | 5.92 | 2.41 | 16.39 | 13.25 | 16.48 |
| | (बी) तनुकृत | 5.52 | 5.92 | 2.41 | 16.39 | 13.25 | 16.48 |

टिप्पणी: उपरोक्त परिणाम सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण एवं प्रकृटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप शेयर बाजार की वेबसाइटों (http://www.bseindia.com/#corporates) और (https://www.nseindia.com/corporates) तथा कंपनी की वेबसाइट www.ruchirapapers.com पर उपलब्ध है।

हिते एवं कृते निदेशकों का बोर्ड
विपिन गुप्ता
पूर्णकालिक निदेशक

स्थानः काला अम्ब
दिनांकः 13.02.2025


# बाबा बालकनाथ मेले की सुरक्षा के लिए पांच भाग में बंटा क्षेत्र

हमीरपुर, 13 फरवरी (जनसत्ता)।

*मुख्य* चौक पर रेहड़ी-फड़ी लगाने की अनुमति नहीं होगी और रोट-प्रसाद प्रशासन द्वारा तय दरों पर ही उपलब्ध होगा।

बाबा बालकनाथ की तपोस्थली शाहतलाई में 14 मार्च से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले चैत्र मास मेले की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस संबंध में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर निधि पटेल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेला आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मेले के दौरान धारा-144 लागू रहेगी, जिससे कानून-व्यवस्था बनी रहे। सुरक्षा की दृष्टि से शाहतलाई क्षेत्र को पांच भागों में विभाजित किया जाएगा और विभिन्न अधिकारियों की तैनाती होगी। पुलिस बल एवं गृहरक्षक दलों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी ताकि मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए ढोल-नगाड़े और स्पीकर के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा। मालवाहक ट्रकों में श्रद्धालुओं के आने पर रोक होगी और सरकारी भूमि एवं जंगलों में लंगर लगाने की अनुमति नहीं होगी। अस्थायी लंगर लगाने वालों को अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए मूल्य सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य चौक पर रेहड़ी-फड़ी लगाने की अनुमति नहीं होगी और रोट-प्रसाद प्रशासन द्वारा तय दरों पर ही उपलब्ध होगा।

मेले के दौरान सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बसों और टैक्सियों के लिए भी नियम लागू किए जाएंगे ताकि यातायात सुचारु रहे। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे खुला रहेगा और तीन अतिरिक्त चिकित्सकों की तैनाती की जाएगी। जलशक्ति एवं विद्युत विभाग द्वारा पेयजल और बिजली आपूर्ति की अतिरिक्त व्यवस्था की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। अतिरिक्त उपायुक्त निधि पटेल ने निर्देश दिए कि मेले की व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जिम्मेदारियों का सख्ती से पालन करें।

## खबर कोना



राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता चंबा की चंपा ठाकुर को मफलर, टोपी और शाल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### एसडीएम पर हमला करने का आरोपी 25 तक न्यायिक हिरासत में

मंडी, 13 फरवरी (जनसत्ता)।

उपमंडलीय दंडाधिकारी (एसडीएम) सदर ओमकांत ठाकुर पर अवैध खनन की जांच के दौरान बिंद्राबणी में हमला करने के मामले में आरोपी हीरालाल को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे 25 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोमवार देर शाम ब्यास में हो रहे अवैध खनन को रोकने गए एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर पर हमला कर मारपीट की गई थी। पुलिस के अनुसार घटना के समय आरोपी ने शराब पी रखी थी। एसडीएम के बोलने के बाद भी हमलावर ने उन्हें पहचानने से इनकार कर दिया और हमला कर दिया था। पुलिस के अनुसार आरोपी हीरा लाल बिंद्रावणी में दुकान करता है और साथ ही अपनी पत्नी व अन्य लोगों के साथ रेत निकालने का भी काम करता है।

### हालड़ा उत्सव के दौरान बुजुर्गों को सम्मानित कर आशीर्वाद लिया

कुल्लू, 13 फरवरी (जनसत्ता)।

देवी-देवताओं और पुण्य आत्माओं को समर्पित हालड़ा उत्सव पट्टन घाटी के लोगों द्वारा मनाली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिमालयन बुद्धिस्ट गोंपा में स्वांगला जन कल्याण संगठन की ओर से आयोजित लाहुली समुदाय के लोगों ने मिलकर इस पारंपरिक उत्सव को मनाया। इस खास मौके पर लोगों अपने बुजुर्गों को सम्मानित कर उनसे आशीर्वाद लिया। देर रात लोगों ने लकड़ी से तैयार मशालों को जलाकर बुरी प्रेतात्माओं को भगाया। लाहौल की भौगोलिक परिस्थिति और प्रतिकूल जलवायु के कारण गाहर, तिनन, तोद तथा पटन की घाटियों में अलग-अलग त्योहारों और उत्सवों को अपने-अपने ढंग से मनाया जा रहा है। लाहौल की सभी घाटियों में यह उत्सव अलग-अलग दिन मनाया गया। तिनन, तौद तथा गाहर घाटी में लामा ग्रथों के द्वारा गणित लगाकर इस शुभ पर्व की तिथि निर्धारित की जबकि पटन घाटी में चंद्रमा के घटने व बढ़ने के पक्ष को तरजीह दी गई।


## ब्रूक्स लैबोरेटरीज लिमिटेड

Brooks LABORATORIES LIMITED

CIN No.: L24232HP2002PLC000267, पंजीकृत कार्यालय : गाँव किशनपुरा, बद्दी नालागढ़ रोड, बद्दी (हिमाचल) - 174101,
ईमेल: investors@brookslabs.net, वेबसाइट: www.brookslabs.net

31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (लाख रु. में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडएलोन | | | | | कंसोलिडेटिड | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त तिमाही | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 31-12-24 | 30-09-24 | 31-12-23 | 31-12-24 | 31-03-24 | 31-12-24 | 30-09-24 | 31-12-23 | 31-12-24 | 31-12-23 | 31-03-24 |
| | | अनअंकेक्षित | | | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | | | अनअंकेक्षित | | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (सकल) | 2,054.30 | 2,099.05 | 2,190.16 | 5,950.26 | 8,044.16 | 2,054.30 | 2,099.05 | 2,190.16 | 5,950.26 | 6,206.63 | 8,044.16 |
| 2 | सामान्य गतिविधियों से अवधि के लिए शुद्ध लाभ (हानि) (सहयोगी, कर, विशेष तथा / असाधारण मदों के लाभ / (हानि) के शेयर्स से पूर्व) | 93.65 | 95.57 | 60.35 | 167.99 | 155.46 | 93.65 | 95.57 | 60.35 | 167.99 | 125.11 | 155.46 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (सहयोगी, विशेष तथा / असाधारण मदों के लाभ/ (हानि) के शेयर्स के बाद) | 93.65 | 95.57 | 60.35 | 167.99 | 155.46 | (213.22) | (396.34) | (385.27) | (850.90) | (996.02) | (1,956.60) |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (सहयोगी, विशेष तथा / असाधारण मदों के लाभ/ (हानि) के शेयर्स के बाद) | 93.65 | 95.57 | 57.76 | 167.99 | 152.87 | (213.22) | (396.34) | (387.86) | (850.90) | (998.61) | (1,959.19) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [ अवधि के लिए (कर के बाद) लाभ / (हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) को शामिल करके ] | 93.65 | 95.57 | 57.76 | 167.99 | 148.54 | (213.22) | (396.34) | (387.86) | (850.90) | (998.61) | (1,963.52) |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- रु प्रति शेयर) | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 | 2,624.67 |
| 7 | पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त) | - | - | - | - | 4,328.48 | - | - | - | - | - | 3,933.86 |
| 8 | आय प्रति शेयर (10 /- रु. प्रति का) (वार्षिक नहीं) | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल | 0.36 | 0.36 | 0.23 | 0.64 | 0.58 | (0.82) | (0.94) | (1.51) | (3.24) | (3.90) | (7.67) |
| | (ख) तनुकृत | 0.36 | 0.36 | 0.23 | 0.64 | 0.58 | (0.82) | (0.94) | (1.51) | (3.24) | (3.90) | (7.67) |

टिप्पणियाँ: उपरोक्त 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए स्टैंडएलोन और कंसोलिडेटिड वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए स्टैंडएलोन और कंसोलिडेटिड वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप यहां उपलब्ध है। www.bseindia.com, www.nseindia.com और www.brookslabs.net

हिते एवं कृते बोर्ड
हस्ता - भूषण सिंह राणा, डीआईएन : 10289384
पूर्णकालिक निदेशक

स्थान: बद्दी
दिनांक: 13.02.2025


# पुलिस पर हादसे की निष्पक्ष जांच न करने का आरोप

कुल्लू, 13 फरवरी (जनसत्ता)।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुल्लू कार्यालय पहुंचे भुंतर के परगानू गांव के ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से सड़क हादसे के मामले की निष्पक्ष जांच करने की भी मांग उठाई।

कुल्लू के मुख्यालय के साथ लगते भुंतर में 17 जनवरी को एक बस और आटो की आपस में टक्कर हो गई थी। जिसमें आटो में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे जोकि पीजीआइ चंडीगढ़ में उपचाराधीन हैं। चालक की हालत काफी गंभीर है और अभी तक उसकी दो आपरेशन हो चुके हैं। ऐसे में इस मामले में भुंतर पुलिस की टीम ने सड़क दुर्घटना का सारा आरोप आटो में सवार युवक पर लगाया है। इसी मुद्दे को लेकर परगानू गांव के ग्रामीणों ने ढालपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एक लिखित पत्र भी सौंपा।

दुर्घटना के शिकार युवक के पिता गंगाराम ने पुलिस अधीक्षक कुल्लू से गुहार लगाई कि इस मामले में भुंतर पुलिस सही तरीके से जांच नहीं कर रही है। ऐसे में उन्हें उचित निर्देश दिए जाएं और इस मामले की सही तरीके से जांच करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुल्लू संजीव चौहान ने लोगों को इस मामले की निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया है।